तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 02 अक्टूबर 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



14 बैडमिंटन स्पर्धा के विजेताओं को विधायक ने किया पुरस्कृत





14 सावित्रीपुर स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा ...




# ग्रामीण सार्वजनिक शौचालय में कहीं ताले लटक रहे तो कहीं निर्माण अधूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वच्छता का बढ़ावा देने के लिए गांवों में बनाए गए सार्वजनिक शौचालय का उपयोग नहीं हो पा रहा है। करीब 40 हजार रुपए की लागत से बनाए गए इन शौचालयों में कहीं ताले लटक रहें तो कहीं अधूरे निर्माण के कारण लाभ नहीं मिल रहा। संचालन और संधारण ठीक से नहीं होने के कारण कई जगहों पर खंडहर में तब्दील हो चुका है। जिम्मेदारों का कहना है कि सार्वजनिक शौचालयों के संचालन के लिए यूजर चार्ज जरूरी है। लेकिन, कोई भी ग्रामीण चार्ज देने को तैयार नहीं होता। मांगने पर विवाद खड़ा हो जाता है।

शासन की ओर से जिले की तकरीबन सभी ग्राम पंचायतों में कम से कम एक सामुदायिक शौचालयों का निर्माण की स्वीकृति दी है। ताकि, ऐसी जगह जहां पर ज्यादा लोगों का आना-जाना लगा रहता हैं, वहां पर खुले में शौच करने की समस्या से छुटकारा दिलाने एवं जागरूकता लाया जा सके। सैकड़ों गांवों में इस योजना को धरातल पर तो उतारा गया है। लेकिन, इन शौचालयों का कोई उपयोग होता नजर नहीं आ रहा।

विकासखंड के अधिकतर ग्राम पंचायतों में बनाए गए सामुदायिक शौचालयों में ताला जड़ा हुआ है, जिसकी वजह से इसका उपयोग नहीं हो रहा है। जिले में गांवों में अब तक करीब 550 सामुदायिक शौचालय के निर्माण की स्वीकृति मिली है, जिसमें 415 शौचालय के आसपास बनकर रंग रोदन भी किया जा चुका है। लेकिन, पूर्ण होने के बाद भी इन सामुदायिक शौचालयों पर ताले लटके नजर आ रहे हैं।

## संचालन और संधारण ठीक से नहीं होने के कारण बेकार पड़े हुए शौचालय

### कई पंचायतों में जगह का चयन गलत

कई जागरूक पंचायत पदाधिकारियों द्वारा सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण अच्छे ढंग से किया गया है। शौचालय का रंग रोदन कर ग्रामीणों को शौचालय का उपयोग करने तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक करने नारे भी लिखे गए हैं। लेकिन, स्थान का चयन गलत किए जाने के कारण इसका लाभ सही ढंग से ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा। बागबाहरा पंचायत के ओंकारबंद में ही शौचालय का निर्माण सड़क किनारे कर दिया गया है, जो उपयोग में नहीं है, जिसके चलते ताला लगाकर रखना पड़ रहा।



### शौचालय बने लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं

कई ग्राम पंचायतों में शौचालय तो बन गए हैं। लेकिन, आज तक पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण शौचालय का उपयोग नहीं हो पा रहा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए सार्वजनिक शौचालय कई ग्राम पंचायतों में मेंटेनेंस के अभाव में खराब हो रहे हैं तो कई ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक शौचालय निर्माण आज भी अधूरा है। बाहर से चकाचक तो कर दिया गया है। लेकिन, अंदर आज भी निर्माण अधूरे पड़े हुए हैं। कहीं सीट बैठाया नहीं गया तो कहीं पर फ्लोरिंग का कार्य अधूरा है।

## खबर संक्षेप



### करंट की चपेट में आने से फसल देखने गए किसान की मौत

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय से करिब 8 किलोमीटर में स्थित ग्राम लाफिन खुर्द में खेत देखने गए किसान की बिजली करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक दाउलाल साहू (50 वर्ष) मंगलवार की सुबह 8.30 अपने खेत में फसल को देखने गये थे जहां खेत के मेड़ में बिछे बिजली तार के करंट की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। इसकी सूचना गांव वालों ने पुलिस प्रशासन को दी गई, जिस पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज इस घटना को जांच विवेचना में लिया है।

### महिला और बेटी के साथ मारपीट जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम पचरी में महिला एवं उसके बेटी के साथ मारपीट करने का मामला समाने आया है। प्रार्थिया पुनेश्वरी मन्नाडे निवासी पचरी ने पुलिस को बताया है कि सोमवार की शाम करीबन 6 बजे वह अपनी लड़की रत्ना मन्नाडे के साथ घर में थी, उसी समय पड़ोसी चित्रकुमारी बंजारे, देवलक्ष्मी बंजारे, सेवती बंजारे ने घर अंदर घुसकर पुरानी रंजिश की हम दोनों के साथ मारपीट की। पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 333, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### दो लोगों से शराब जब्त

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने 30 सितंबर 2024 को मुखबिर की सूचना पर दो व्यक्तियों से ओडिशा राज्य निर्मित शराब जब्त कर उन्हें जेल भेजा है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति देवलाल कुर्रे पिता हुमन कुर्रे (24 साल) तथा एवन दास उर्फ मानिक चेलक पिता भागीरथी चेलक (29 साल) निवासी थाना कोमाखान का रहने वाला बताया। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी शराब को नरेश मल्होत्रा भिलाईदादर के यहां बिक्री करने के लिए छोड़ने जा रहे थे जिनके संयुक्त कब्जे से एक जूट बोरी के अंदर भरा हुआ हिरण छाप 158 पाउच ओडिशा राज्य निर्मित शराब कीमत 7900 रुपए, एक जूट बोरी के अंदर भरा हुआ जेब्रा छाप 43 पाउच ओडिशा राज्य निर्मित शराब कीमत 2580 रुपए, ब्लू लेगेन जीन 9 नग कीमत 1080 रुपए, किंग फिशर 5 नग कीमत 850 रुपए, नगदी रकम 7523 रुपए कुल जुमला कीमत 19933 जब्त कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

## सख्ती : अधिक मूल्य पर शराब बेचे जाने की मिली शिकायतें

# अफसरों ने 8 दुकानों में मारे छापे

### लापरवाह आबकारी अधिकारियों पर होगी कार्रवाई, आबकारी सचिव संगीता ने ली आबकारी विभाग की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शराब दुकानों में ओवररेट की शिकायतों पर स्थानीय आबकारी अफसरों द्वारा नही की जा रही कार्रवाई के कारण शासन-प्रशासन की धूमिल हो रही छबि के चलते राज्य स्तरीय टीम को कार्रवाई के लिए मैदान में उतरना पड़ा।

इसके बाद राज्य शासन के आबकारी विभाग की सचिव आर. संगीता ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रबंध संचालक श्याम धावड़े एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की उपस्थिति में आबकारी विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। आर. संगीता ने बैठक में स्पष्ट कहा कि जो आबकारी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं उन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी मदिरा दुकानों में सभी सेल्समैन और सुपरवाईजर निर्धारित वर्दी में रहे। दुकानों में ओवर रेट बेचने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे जिले की सभी दुकानों का निरीक्षण करें और ध्यान रखे कि किसी भी दुकान में निर्धारित कीमत से ज्यादा कीमत पर मदिरा विक्रय ना किया जाए। आबकारी अधिकारी को हर महीने दुकानों का ऑडिट करने कहा गया।

उन्होंने कहा कि आबकारी अधिकारी शराब की अवैध बिक्री और परिवहन पर कड़ी कार्रवाई करें। बैठक में अपर कलेक्टर रवि साहू, एडिशनल एसपी प्रतिभा पांडेय, आबकारी अधिकारी मोहित कुमार जायसवाल सहित आबकारी विभाग के अधिकारी मौजूद थे।







### छापा मारकर सुपरवाइजर पर कार्रवाई

तुमगांव स्थित कंपोजिट अंग्रेजी शराब दुकान में ओवर रेट की शिकायत पर छापेमार कार्रवाई करते हुए रायपुर उड़नदस्ता की टीम ने सुपरवाइजर को अधिक रेट पर बेचते रंगे हाथों पकड़ा है। डिप्टी कमिश्नर पीएल साहू, आबकारी इंस्पेक्टर आरके देवांगन ने अंग्रेजी शराब दुकान के सुपरवाइजर भोजराम पटेल को 220 रुपए की बियर को 250 रुपए में बेचते पकड़ा। कमिश्नर ने शिकायत सही पाया और सुपरवाइजर के खिलाफ पंचनामा और बयान दर्ज कर कार्रवाई की। यहां पहुंचे अफसरों को प्रिंटर खराब मिला। जिसके कारण पिछले 6 महीने से उपभोक्ता को बिल नहीं दिया जा रहा था। बता दें घोड़ारी (नदीमोड़) में 10 दिन पहले भी देशी शराब दुकान में पानी की मिलावट करते पकड़ा गया।

### अधिक रेट पर शराब बिक्री की मिली शिकायत

राज्य स्तरीय टीम द्वारा बागबाहरा, झलप, तुमगांव और पिथौरा के 08 मदिरा दुकानों पर छापामार कार्रवाई की गई। जिसमें झलप के अंग्रेजी शराब दुकान और तुमगांव के कम्पोजिट बिल्डिंग में निर्धारित रेट से अधिक मूल्य में शराब बेचने की शिकायत मिली। जिस पर प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई किया जाएगा। साथ ही किसी भी दुकानों में वर्दी और आईडी के साथ सेल्समैन नहीं पाए गए। इसी तरह आहाता निरीक्षण भी किया गया और यहां साफ-सफाई के निर्देश दिए गए।

### अपने मूल काम को बेहतरी से करे विभाग: आर. संगीता

सचिव आर. संगीता ने सभाकक्ष में बैठक के दौरान कड़े निर्देश देते हुए कहा कि आबकारी अपने मूल कार्य को बेहतर तरीके से संपादित करें। किसी भी दुकानों में ओवर रेट की शिकायत न मिले। उन्होंने अधिकारियों को दुकानों के सतत निरीक्षण के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व वृद्धि के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जिले के लिए निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिए योजना बनाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## मनोरमा इंडस्ट्रीज में गर्म पानी से झुलसे युवक ने लगाई कलेक्टर से गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बिरकोनी के मनोरमा ऑयल इंडस्ट्रीज में गर्म पानी से झुलसा युवक अपनी फरियाद लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचा। पीड़ित युवक ने आंखों से निकल रहें आंसू पोंछते हुए बताया कि गर्म पानी से करीब 30 फीसदी तक झुलसने के बाद उसका इलाज का खर्च कंपनी द्वारा दिया गया। लेकिन, एक माह का वेतन देने के बाद बंद कर दिया गया है, जिससे उसके परिवार के सामने भूखे मरने की नौबत आ गई है। कलेक्टर जनदर्शन में सौंपे गए आवेदन में पीड़ित युवक बेमचा निवासी पुनाराम साहू ने बताया कि वह बिरकोनी स्थित मनोरमा ऑयल इंडस्ट्रीज में लेवर का काम करता था। 11 जून को फर्श पर गिरे ऑयल को साफ करते हुए उस पर खौलता गर्म पानी गिर गया, जिससे वह करीब 30-40 फीसदी तक झुलस गया। जिसके बाद कंपनी द्वारा उसे रेलवे स्टेशन महासमुंद के पास स्थित अकालपुरख हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया और इलाज का खर्च भी कंपनी ने दिया। साथ ही एक माह का वेतन भी दिया। लेकिन, उसके बाद कंपनी न ही उसे काम दे रहा और आगे का वेतन देना भी बंद कर दिया है। बीते दो माह से वेतन नहीं देने के कारण उसके परिवार के सामने रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हो गई है। उसके परिवार का वह इकलौता कमाने वाला है और वह पूरी तरह ठीक भी नहीं हुआ है, जिसके कारण पत्नी और दो बच्चों को पालना उसके लिए कठिन हो गया है। उक्त पीड़ित युवक ने कंपनी से मुआवजा दिलाने की मांग कलेक्टर से की है।



### ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार दो लोगों की मौत

**महासमुंद।** ग्राम परसट्ठी में एक ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से बाइक से जा रहे दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि 6 सितंबर को विष्णु यादव (17 साल) एवं मुकेश ध्रुव (19 साल) मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 के 4286 से ग्राम बम्हनी से परसट्ठी आ रहे थे, और ग्राम परसट्ठी के बिजली घर सब स्टेशन के पास, उन्हें पीछे से लाल रंग का मैसी ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 एचबी 3987 के चालक द्वारा तेजी, लापरवाही एवं उपेक्षापूर्ण तरीके से चलाते हुए ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे आई चोटों के कारण विष्णु यादव एवं मुकेश ध्रुव की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर के चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## घर से मोबाइल एवं सोने के जेवर चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रमनटोला के सूने मकान से सोने के जेवर व मोबाइल चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले को लेकर बताया कि सिटी कोतवाली में प्रार्थिया सावित्री देवांगन ने रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि 28 सितंबर को सुबह 9 बजे वह मजदूरी करने कुर्मीपारा तथा उसकी लड़की दिव्या देवांगन सिलाई-कढ़ाई का काम करने के लिए चली गई।

वहीं में सावित्री की दूसरी लड़की दुर्गा देवांगन 9:20 बजे घर में ताला लगाकर परीक्षा देने लिए कन्या शाला चली गई, करीबन 11:30 बजे दुर्गा देवांगन ने जानकारी दी कि घर में चोरी हो गी है। घर अंदर जाकर देखने पर आलमारी खुला हुआ, सामान बिखरा हुआ तथा आलमारी के अंदर देखने रखे 4 नग सोने का पत्ता कीमत करीब 15 हजार रुपए, एक नग मोबाइल कीमत करीबन 7 हजार रुपए का मोबाईल नहीं थे। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज को चेक किया गया। जिसमें एक संदिग्ध युवक नजर आया।

फुटेज के आधार पर संदेही अंकुश चंद्राकर से पूछताछ किया गया। जिसने उक्त घर से 4 नग सोने का लॉकेट (पत्ती), मोबाइल चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस न आरोपी अंकुश चंद्राकर पिता अरूण चंद्राकर ( 21 साल) निवासी रमनटोला को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## जनपद से अध्यक्ष की कुर्सी गायब, जमीन पर बैठकर किया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जनपद कार्यालय महासमुंद में अध्यक्ष के बैठने के लिए फर्नीचर गायब हो गई है। जिसके चलते जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू को कार्यालय में जमीन पर बैठकर कार्य का संचालन करना पड़ा। दरअसल, करीब ढाई साल पूर्व जनपद अध्यक्ष कार्यालय के लिए शहर के एक दुकान से कुर्सी आदि क्रय किया गया था, जिसका भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। जिसके बाद दुकानदार द्वारा भेजे गए वाहन में कुर्सी आदि डालकर भेजवा दिया गया। वहीं अधिकारियों से संपर्क नहीं हो पाया है। जनपद पंचायत महासमुंद में आज अध्यक्ष के कमरे की कुर्सी गायब हो गई है। कुर्सी गायब हुई या गायब कर दी गई है। यह विषय जनपद पंचायत के कैंपस से बाहर चर्चा का विषय बना हुआ है। कुर्सी गायब होने के पीछे की वजह से पिछले दो ढाई साल से दुकानदार का बिल नहीं अदा किया था। जिसकी वजह से लगभग रोज पैसे की वसूली के लिए दुकानदार जनपद पंचायत पहुंच जाता था। दो दिन पहले जनपद पंचायत धरम गोलछा अपनी बकाया राशि लेने के लिए जनपद पंचायत अध्यक्ष यतेंद्र साहू के पास पहुंचा। बकाया राशि को लेकर श्री गोलछा ने मांग की तो अध्यक्ष यतेंद्र साहू ने कहा कि कुर्सी वापस ले जाओ। गोलछा ने कुर्सी वापस ले जाने से इनकार किया तो अध्यक्ष ने मंगलवार को गोलछा के दुकान पर कुर्सी वापस भेज दी, जिसे गोलछा ने वापस लेने से इनकार कर दिया।



**बिना प्रस्ताव खरीदी, जनपद सदस्यों का आरोप:** गौरतलब है कि जनपद पंचायत में यतेंद्र साहू के जनपद अध्यक्ष बनने के बाद अध्यक्ष यतेंद्र साहू ने बिना प्रस्ताव खुद ही कुर्सी खरीद लिया था। प्रस्ताव नहीं होने की वजह से कुर्सी का बिल आज तक अदा नहीं हो पाया है। दुकानदार पिछले ढाई साल से कुर्सी की बकाया राशि के लिए चक्कर काट रहा था। जनपद पंचायत के कुछ सदस्यों ने बताया है कि दुकानदार से सिर्फ कुर्सी ही नहीं ली गई थी। कुर्सी के अलावा अपने घर के लिए पलंग सहित और अन्य सामान की खरीदी कर ली गई थी। जिसका बिल अध्यक्ष चाहते हैं की जनपद पंचायत अदा करें।

### बोलने के बावजूद किसी ने नहीं किया भुगतान

जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू से इस बारे में जानकारी लिया गया तो साफ तौर पर कहा गया कि कार्यकाल के दौरान जितने भी सीईओ यहां पदस्थ हुए हैं सभी को बोला गया। लेकिन, अब तक भुगतान नहीं हुआ है। वही इस बारे में जनपद सदस्य दिग्विजय साहू ने बताया कि सरासर लापरवाही जनपद पंचायत के सीईओ और बाबू की है। उनका कहना है कि यह जनपद सदस्यों का अपमान है। अब जनपद कार्यालय के पास जो नीम के पेड़ है उसे पर दरी बिछाकर बैठेंगे।

## आत्मसम्मान व स्वाभिमान जगाओ यात्रा के दौरान सभा भी होगी

# बसपा की यात्रा का 6 को जिले में होगा आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की छग प्रदेश ईकाई द्वारा आरक्षण में उप वर्गीकरण व क्रीमीलेयर के विरोध के साथ ही एससी, एसटी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण बचाने आत्म सम्मान व स्वाभिमान जगाओ यात्रा निकाली जा रही है।

यात्रा की शुरुआत शहीद वीर नारायण सिंह की जन्मस्थली सोनाखान में 24 सितंबर से हो चुकी है, जिसका समापन बामसेफ, डीएस 4 और बसपा के संस्थापक कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस 9 अक्टूबर को संकल्प सभा के साथ रायपुर में किया जाएगा। यह जानकारी बसपा पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता में दी है।

प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में बसपा के जिला कोआर्डिनेटर बसंत सिन्हा, जिलाध्यक्ष अश्विनी कुर्रे, पूर्व जिलाध्यक्ष द्वय नांदजी बाघमारे व धनसिंग कोसरिया, एआर कुर्रे, हेमंत धृतलहरे, रूपेश ढीढी ने बताया कि बसपा के प्रदेश इकाई के निर्देश पर आत्मसम्मान व स्वाभिमान जगाओ यात्रा का 6 अक्टूबर को जिले में प्रवेश होगा। धमतरी, कुरूद, अभनपुर, राजिम होते ही महासमुंद में यात्रा पहुंचेगी और लोहिया चौक में सभा का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात यह यात्रा खल्लारी, बागबाहरा, पिथौरा होते ही बया, कसडोल की ओर प्रस्थान करेगी। इस दौरान जगह-जगह पर संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। जिला कोआर्डिनेटर बसंत सिन्हा ने आगे बताया कि बीते दिनों सुप्रीय कोर्ट द्वारा एससी, एसटी के आरक्षण में वर्गीकरण किए जाने के फैसले के बाद देश भर इसका विरोध प्रदर्शन हुआ।

आज के दौर में कांग्रेस हो या भाजपा वोट लेने के दौरान संविधान की बात करता है। लेकिन, सत्ता में आते ही मनुस्मृति का लागू कर देता है, जिससे आजादी के 70 साल के बाद भी देश में पिछड़ापन दूर नहीं हो पा रहा है। बल्कि, आरक्षण का समाप्त करने कई तरह के प्रपंच रचे जा रहे हैं।





## अनैतिक संबंधों में लिप्त प्राइवेट अस्पताल संचालक पर मारपीट का आरोप

**महासमुंद।** जिले के पिथौरा से सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां एक महिला डॉक्टर पर कथित रूप से अनैतिक संबंध का खुलासा करने के बाद जानलेवा हमला किया गया। नागपुर (महाराष्ट्र) के बेलतरोड़ी निवासी एक महिला डॉक्टर ने पिथौरा पुलिस को बताया है कि 26 सितंबर को रायपुर से लौटने के दौरान पिथौरा स्थित जायसवाल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर विजय जायसवाल ने उन्हें अपनी गाड़ी से पिथौरा लेकर आया।

रास्ते में डॉक्टर विजय ने अपने साथ एक और महिला को स्टाफ बताकर साथ ले लिया। बातचीत में उसने अपना नाम रोक्तिमा (बदला हुआ नाम) बताया। शिकायतकर्ता महिला डॉक्टर ने बताया कि रात में तीनों एक किराए के मकान में रुके। रात करीब 12 बजे उन्होंने डॉक्टर विजय जायसवाल और रोक्तिमा को आपत्तिजनक स्थिति में देखा, जिसे लेकर उन्होंने कड़ा विरोध किया। जब इस महिला डॉक्टर ने घटना की शिकायत करने की बात कहीं तो दोनों ने उन पर हमला कर दिया, जिससे महिला डॉक्टर के शरीर पर चोटें आई।

इस हमले में महिला डॉक्टर को आंख, सिर, पीठ और पैरों में गंभीर चोटें आईं। रोक्तिमा ने जानलेवा हमला किया और डॉक्टर विजय ने हत्या कराने की धमकी दी। पुलिस ने डॉक्टर विजय जायसवाल और रोक्तिमा के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2) और 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।


## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

**खबर संक्षेप**

## सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन आज

**महासमुंद।** आशीबाई गोलछा शासकीय कन्या उच्चतर मधियामिक शाला महासमुंद में विकासखंड एवं जिला के संयुक्त तत्वावधान में सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन 2 अक्टूबर को गांधी एवं शास्त्री जयंती पर किया गाया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, अध्यक्षता स्काउट गाइड संघ के जिलाध्यक्ष येतराम साहू, विशिष्ट अतिथि संघ के जिला मुख्य आयुक्त चंद्रहास चंद्राकर, विकासखंड अध्यक्ष कौशलेंद्र वैष्णव एवं जिला एवं विकासखंड के उपाध्यक्षगण होंगे। सर्व धर्म प्रार्थना सभा प्रातः 8 बजे से होगा। जिला एवं विकासखंड के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। जिला सचिव एवं विकासखंड सचिव में सभी पदाधिकारियों, स्काउट्स गाइड्स से सर्वधर्म प्रार्थना सभा में उपस्थित होने की अपील की है।

## आज मनाई जाएगी गांधी और शास्त्री की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई जाएगी। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि हर वर्ष भारत देश में 2 अक्टूबर के दिन सत्य के साधक महात्मा गांधी की जयंती मनाई जाती है। यह दिन बापू के योगदान को याद करने का दिन है। 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में जन्मे महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के सिद्धांत के दम पर अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर मजबूर कर दिया। इस दिन लाल बहादुर शास्त्री की जयंती भी मनाई जाती है।

## माधोपाली में शारदीय नवरात्र की तैयारी

**सरायपाली।** ग्राम माधोपाली में शारदीय नवरात्रि का आयोजन किया गया है। जिसमें आचार्य पंडित महादेव वैष्णव व सहायक साहेब दास वैष्णव मुख्य यजमान ईश्वर साहू श्रीमती गंगोत्री साहू, अतुल श्रीवास श्रीमती शिवकुंवर रहेंगे। कलश यात्रा मूर्ति स्थापना 3 अक्टूबर, अष्टमी हवन 10 अक्टूबर, नवमी हवन पूर्णाहुति नौ कन्या, 11 अक्टूबर को विजयादशमी एवं भंडारा दशहरा 12 अक्टूबर एवं देवी विसर्जन 13 अक्टूबर को किया जाएगा। प्रत्येक दिन माता सेवा ग्राम के भक्तजनों द्वारा किया जाएगा।

## विज्ञान प्रतियोगिता में शामिल हुए छात्र भूपेंद्र

**नर्रा।** शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा के कक्षा नवमी में इलेक्ट्रॉनिक ट्रेड के छात्र भूपेंद्र देवांगन ने राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के उपकथानक अपशिष्ट प्रबंधन के तहत इलेक्ट्रॉनिक कचरों के निपटारे एवं



पुनः उपयोग का मॉडल बनाकर संभाग स्तरीय प्रदर्शनी रायपुर में प्रदर्शन किया। इससे पहले भूपेंद्र के मॉडल को विकासखंड स्तरीय प्रदर्शनी बागबाहरा तथा जिला स्तरीय प्रदर्शनी महासमुंद से चयनित कर संभाग स्तर के लिए भेजा गया था। ग्रामीण विद्यालय के छात्र भूपेंद्र ने अपने मार्गदर्शक शिक्षक अरविंद ठाकुर के मार्गदर्शन में इस मॉडल को बनाया था। भूपेंद्र के प्रदर्शन पर संस्था के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टेकराम पटेल, सभी सदस्यों, संस्था के प्राचार्य सुबोध कुमार तिवारी, व्याख्याता पन्ना लाल साहू, भूपेंद्र पढ़ियार, तुलाराम दीवान, नीलिमा भोई, कामता साहू, दुर्गेश चंद्राकर, योगेश साहू, जयंत साहू, लेखमणि पटेल, कुसुम साहू, कौशल चक्रधारी ने हर्ष जताया है।

## मुनगासेर की नई शाखा में होगा इस साल धान का भुगतान

**बागबाहरा।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के पत्र के अनुसार नवीन शाखा मुनगासेर में इस वर्ष का धान खरीदी का भुगतान प्रारंभ हो जाएगा। नवीन शाखा के भवन का रिपेयरिंग का जारी है। माह के अंत तक एवं इस वर्ष 2024-25 समर्थन मूल्य धान खरीदी के पूर्व नई शाखा से किसानों को भुगतान शुरु हो जाएगा।

### आमसभा : महिला सोसायटी के कार्यों में आई गति

# धनश्री महिला सहकारी सोसायटी की हुई वार्षिक आमसभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



धनश्री महिला सहकारी सोसाइटी की चतुर्थ आमसभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्पाजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया एवं वंदना डाली शर्मा द्वारा प्रस्तुत की गयी।

अध्यक्ष डा अनिता जी. रावटे, उपाध्यक्ष अरूणा शुक्ला, संचालकगण सती साहू, इंद्राणी पांडेय, किरण सिंघल, एजाज जेहरा नकवी, प्रीति शर्मा, नंदा रंगारी एवं रजिंदर कौर का स्वागत किया गया। धनश्री की वैधानिक जानकारी सदस्य ज्योतिका राजपूत द्वारा दी गई। पश्चात धनश्री की संस्थापिका एवं अध्यक्ष डॉ. अनिता जी. रावटे ने उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि 25 वर्षो से महिला बैंक का संचालन करते हुए हमें यह अनुभव हुआ कि सहकारिता के माध्यम से महिलाओं के सामाजिक तथा आर्थिक जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन किया जा सकता है। महिला सहकारी बैंक को रिर्जव बैंक के निर्देश पूरा करने की बहुत सी अधिकारिक जिम्मेदारी रहती है। अतः बैंक से संबंधित सक्रिय सदस्यों ने मिलकर 2019 को बहुउद्देशीय सहकारी सोसायटी का गठन किया। जिसका विधिवत पंजीयन वर्ष 2020 को प्राप्त हुआ। डा. रावटे ने बताया कि 22 सदस्यों के साथ आरंभ की गई इस सहकारी सोसायटी में वर्तमान में 113 सदस्य है, जिनका शेयर विधिवत बैंक खाते में जमा है। कोरोना महामारी के कारण इसके विस्तार में पिछले वर्ष से ही गति आई है। 2022-23 में धनश्री सोसायटी में जैविक हल्दी का उत्पादन किया गया। जिसमें प्राप्त 78 किलो हल्दी को पुनः इस वर्ष बीज के उपयोग में लाया गया है। वर्ष 2023-24 में तीन सदस्यों को ऋण दिया गया। जिसमें एक का ऋण वापस आ गया है। दो की वापसी नियमित हो रही है।

धनश्री सोसायटी के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली पर काम किया जा रहा है। श्रीमति रावटे ने कहा कि महिला परिवार की धुरी है, इसलिए उसका जागरूक और स्वस्थ होना जरूरी है। क्या खाना है? कैसे खाना है और कैसे खिलाना है? यदि यह महिलाएं सीखेगी तो पूरा परिवार सुपोषित, स्वस्थ और सुखी होगा। साथ ही परिवार की आय बढ़ाने में कैसे महिलाएं सहयोगी हो सकती है इस पर भी धनश्री के माध्यम से योजना तैय्यार की जा रही है। पर्यावरण संतुलन में भी कार्य किया जा रहा है।

धनश्री की संस्थापक एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरूणा शुक्ला ने अपने संबोधन में धनश्री के कार्यो की प्रशंसा करते हुए नए व सक्रिय महिलाओं को इससे जोड़ने के लिए प्रोत्सहित किया। धनश्री की संस्थापक व उपाध्यक्ष सति साहू ने सबका स्वागत करते हुए विभिन्न व्यवसाय में जुड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि धनश्री सहकारी सोसायटी धीरे-धीरे बढ़कर एक बड़ा रूप ले लेगी, जो महिलाओं के आगे बढ़ने का जरिया बनेगी। संचालक इंद्राणी पांडेय ने धनश्री के पांचवे वर्ष में आने पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि रावटे के नेतृत्व में यह सहकारी संस्था महिलाओं के रोजगार के रास्ते निश्चित खोलेगी। संचालक किरण सिंहल, नंदा रंगारी, रजिंदर कौर एवं एजाज जेहरा नकवी ने भी अपने विचार रखे। उपस्थित 65 सदस्यों ने अपना परिचय दिया। नारी सशक्तिकरण पर चंद्रकला साहू ने सुंदर प्रस्तुति दी। डाली शर्मा, उमा साहू, अनिता साहू, द्वारा नारी शक्ति पर मधुर भजन एवं विमला साहू द्वारा सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। शिक्षा के लिए सहयोग देने के लिए विजय सिन्हा को सम्मानित किया गया। धनश्री की सक्रिय सदस्य व महिला उद्यमी ममता राठौर ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनने की प्रेरणा दी। संस्थापक संचालक प्रीति शर्मा ने आभार प्रदर्शन किया। उड़ान संस्थान की औषधि नर्सरी में उत्पादित औषधि पौधों की भेंट डॉ. रावटे द्वारा सभी सदस्यों को की गई। आमसभा में सदस्य अनिता बजांरी, दामिनी साहू, अंजू मानिकपुरी, कविता, टिकेश्वरी सिन्हा, नीलम ध्रुव, कुमुद ठाकुर आदि का सहयोग रहा।

# कलेक्टर जन चौपाल में मिले 69 आवेदन

### कलेक्टर लंगेह ने जन चौपाल में सुनी लोगों की मांग एवं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित होने वाले जन चौपाल में आज कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले के आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 69 आवेदकों ने मांग, समस्या एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी।

जन चौपाल में आवेदकों ने जाति प्रमाण पत्र, नक्शा त्रुटि सुधार, अतिक्रमण हटाने, नामांतरण, भूमि व्यवस्थापन तथा अन्य समस्याओं व मांगो को लेकर आवेदन सौंपे। इनमें वार्ड नंबर 08 नयापारा महासमुंद की अश्वनी जोशी ने खसरा एवं रकबा में ऑनलाईन सुधार के लिए, सरायपाली गाम पतेरापाली की दीपा यादव ने जाति पत्र के लिए, पिथौरा किशनपुर के लालहू रावत ने वन पट्टा अधिकार प्रदान करने, बागबाहरा ग्राम दुर्गानगर के रामचंद्र कोसरे ने दिव्यांग योजना अंतर्गत बैटरी चलित ट्रायसायकल के लिए, ग्राम डूमरपाली की जमुना बाई बघेल ने कोरोना काल में मृत्यु पर सहायता राशि हेतु कलेक्टर को आवेदन सौंपे।

कलेक्टर लंगेह ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदकों की समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार खांडे एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## क्वांर नवरात्र शुरू

**नर्रा।** भक्ति की शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय क्वांर नवरात्र शुरू हो रहा है। मात्र एक दिन शेष रह गए है। तीन अक्टूबर गुरुवार से नवरात्र प्रारंभ होगा। नवरात्र को लेकर अंचल गांवों में सार्वजनिक पंडाल व रंगमंच की साफ सफाई एवं रंगरोगन आदि की तैयारी किए जा रहे है। वही पंडालों पर आकर्षक लाइट झालर लाइट लगाया जा रहा है। वही क्षेत्र के ग्राम पंडरीपानी के पर्रापाठ पहाड़ी पर निर्माणधीन वैष्णो देवी की मंदिर निर्माण किया जा रहा है। बता दें कि वहां पर श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कराए जाएंगे। नवरात्र को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा जा रहा है।



## प्रसाद में मिलावट को लेकर सौंपा ज्ञापन

महासमुंद। तिरुपति बालाजी मंदिर प्रसाद में मिलावट कर हिंदुओं की आस्था व भावना को ठेस पहुंचाने व हिंदू मंदिरों को राज्य सरकार के अधिकार से मुक्त करने को लेकर विश्व हिंदू परिषद द्वारा महामहिम राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद कार्यकारी अध्यक्ष हर्ष चंद्राकर, जिला मंत्री धनेंद्र चंद्राकर, प्रचार प्रमुख जयंत यादव, सुरेंद्र दास, प्रखंड उपाध्यक्ष हिरेंद्र सोनी, प्रखंड मंत्री हिमांशु तिवारी, राहील गुप्ता, डेरहू व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गौरव पथ निर्माण धीमी गति से व्यापारी वर्ग को नुकसानः गुंजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली



नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत गौरव पर निर्माण का कार्य चल रहा है जिसमें काफी खामियां देखने को मिल रही है।

नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 6 से पार्षद एवं व्यापारी महासंघ के सचिव गुंजन अग्रवाल ने नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत चल रहे गौरव पर निर्माण पर अपनी बात रखते हुए कहा कि गौरव पथ निर्माण की गति काफी धीमी चल रही है इससे व्यापारी वर्ग को नुकसान हो रहा है। ठेकेदार अपनी मनमानी कर रहे हैं।

नगर पालिका पार्षद गुंजन अग्रवाल ने बताया कि किस प्रकार घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग करते हुए ठेकेदार के द्वारा काम किया जा रहा है। अग्रवाल ने नगर पालिका अधिकारियों से मांग की है कि ठेकेदार को गुणवत्तायुक्त काम करने हेतु निर्देशित किया जाए जल्द से जल्द गौरव पथ का निर्माण पूर्ण किया जाए।

## दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों के लिए राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं परिनिर्धारण आयुक्त विनय कुमार लंगेह ने मोटरयान अधिनियम के तहत टक्कर मारकर भागने संबंधी उपबंधों के अधीन सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से चोट लगने से मृत्यु होने पर सोलेशियम फंड से प्रतिकर के रूप में प्रत्येक निकटतम वारिस के लिए 25 हजार रुपए सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें महासमुंद विकासखंड के ग्राम भाटापारा वार्ड नम्बर 13 तुमगांव निवासी शिवनाथ धीवर की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी सीमा के लिए एवं तहसील रायपुर के ग्राम चूनाभट्ठी रमन मंदिर निवासी पन्ना लाल गुप्ता की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी शकुंतला गुप्ता के लिए 25-25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# सामाजिक सौहार्द्र व शांति स्थापित करने निकल रही न्याय यात्राः विनोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में निकल रही कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के तीसरे दिन पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर अपनके समर्थकों के साथ शामिल हुए। वे आरंग विधानसभा के भैसा से माट तक प्रदेशाध्यक्ष बैज के साथ चले। सोमवार को यात्रा भैंसा से सारागांव तक कुल 24 किमी तक चली। भैंसा से सारागांव तक यात्रा में ग्रामीणों तथा क्षेत्रवासियों ने मंच बनाकर जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया।

श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष बैज के नेतृत्व में निकाली जा रही न्याय यात्रा को प्रदेशवासियों का अभूतपूर्व समर्थन व स्नेह मिल रहा है। आज प्रदेश में जो स्थिति बनी हुई है, इससे हर वर्ग डर के साये में जी रहे हैं। भाजपा ने पिछले 9 माह के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ के शांत फिजा में डर और आतंक का जहर घोल दिया है। पूरे प्रदेश में आए दिन चाकूबाजी, गुंडागर्दी, अनाचार, महिलाओं के साथ अपराधिक घटनाएं, लूट, डकैती जैसी घटनाएं हो रही है। प्रदेश में सरकार की लचर कानून व्यवस्था के चलते अपराधियों के हौसले इस कदर बढ़े हुए हैं, कि वे दिनदहाड़े हत्या जैसी गंभीर अपराध को अंजाम दे रहे हैं।

लचर कानून व्यवस्था के चलते ही बलौदाबाजार हिंसा, कवर्धा जिले में साहू समाज के दो लोगों की हत्या, पुलिस थाना में पीट-पीटकर युवक की हत्या, महिलाओं से दुर्व्यवहार, उनसे मारपीट की घटनाएं हुई। इन घटनाओं से महिलाएं अपने को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। श्री बैज द्वारा प्रदेश में समाजिक सौहार्द्र, शांति व भाईचारा स्थापित करने यह न्याय यात्रा निकाली जा रही है। जिसे लोग भरपूर समर्थन दे रहे हैं तथा प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं।

# शांत्रीबाई कॉलेज में मनाई गई गांधी जयंती



**महासमुंद।** शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में गांधी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डा सविता चंद्राकर द्वारा महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में महात्मा गांधी द्वारा चलाए गए सत्य एवं अहिंसा के मार्ग अपनाने प्रेरित किया। महात्मा गांधी ने हमारे देश को एक सूत्र में पिरोने के साथ ही देश की आजादी में अपने प्राणों की चिंता न करते हुए अपना सर्वस्व न्योछावर कर राष्ट्र की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा स्वच्छता के प्रति संकल्प लेते हुए विभिन्न कार्यक्रम गीत, कविता, भाषण, नाटक आदि का आयोजन किया गया।

## पार्षद ने किया खेल कोर्ट का निरीक्षण

**महासमुंद।** वार्ड क्रमांक 9 में ओवरब्रिज के नीचे बच्चों के लिए खेल कोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें बच्चे क्रिकेट, हैंडबॉल, बास्केटबॉल के साथ साथ और भी बहुत से खेलों की तैयारी कर पाएंगे। पार्षद माधवी महेंद्र सिका ने ओवरब्रिज में बन रहे खेल कोर्ट के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर ठेकेदार को शीघ्र कार्य पूर्ण और गुणवत्तायुक्त कार्य करने निर्देशित किया। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता महेंद्र सिका भी उपस्थित रहे।

# चित्रकला प्रतियोगिता में तनुष्का प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के स्कूल वेडनर मेमोरियल स्कूल, ग्रीनवेली स्कूल, सेजस स्कूल के छात्रों ने भी हिस्सा लिया।

जिसमें शिशु संस्कार केंद्र उमावि के माध्यमिक तथा पूर्व माध्यमिक विभाग से पांच-पांच विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की थी। जिसमें माध्यमिक विभाग से कक्षा 8वीं की छात्रा तनुष्का पटेल ने प्रथम, कक्षा 7वीं से नगीना रानी ने द्वितीय तथा पूर्व माध्यमिक विभाग से कक्षा 5वीं के छात्र विकास धीवर ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है। शेष अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इनकी प्रभारी शिक्षिका भावना गांधी एवं आरजू बानो थी। इस उपलब्धि पर शाला प्रबंधन समिति, प्राचार्य तथा शाला परिवार ने हर्ष जताया है।

### स्थानीय वन विद्यालय में हुआ दीक्षांत समारोह

# वनरक्षक वन विभाग का आधार स्तंभः संजीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

वनरक्षक प्रशिक्षण शाला महासमुंद में वन विभाग के वनरक्षक के प्रशिक्षण कोर्स के 77वां प्रशिक्षण सत्र (छिमाही) के संपन्न होने के अवसर पर दीक्षांत सामारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संजीता गुप्ता (भावसे) अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वित्त/बजट) को प्रशिक्षुओं द्वारा परेड कर सलामी दी गई। तपश्चात मुख्य अतिथि द्वारा दहिमन पौधा का रोपण किया गया। विशिष्ट अतिथि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह रहे।

दीक्षांत सामारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना से किया गया। संचालक वन विद्यालय महासमुंद एवं वनमंडलाधिकारी महासमुंद पंकज राजपूत (भावसे) अनुदेशक वन विद्यालय यूआर बसंत तथा उप प्रबंध संचालक जिला यूनियन महासमुंद एआर बंजारे तथा उपवनमंडलाधिकारी अब्दुल वहीद खान द्वारा अतिथिगणों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। संचालक महोदय द्वारा प्रशिक्षण सत्र प्रतिवेदन का पाठन किया गया। उद्बोधन की कड़ी में मुख्य अतिथि संजीता गुप्ता द्वारा प्रशिक्षण के बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि वनरक्षक वन विभाग का आधार स्तंभ है। आपके ऊपर जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने के लिए वनों का संरक्षण, संवर्धन एवं प्रबंधन में मुख्य भागीदारी निभाने का दायित्व है। जिससे वनों के भू-क्षरण को रोकने जल स्तर को नीचे गिरने से रोकने के लिए कराए जाने वाले कार्यों एवं वन अपराध को रोकने, वन अपराधियों के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई को उचित रीति से करने के लिए वनरक्षक का प्रशिक्षित होना अति आवश्यक है। संचालक द्वारा बताया गया कि मनुष्य जन्म से लेकर मृत्यु पर्यंत कुछ ना कुछ सीखता रहता है। अतः सभी को सदैव सीखने हेतु तत्पर रहना चाहिए। वनरक्षकों को विभागीय कार्यों के सम्पादन की प्रमुख कडी बताते हुए वनों के संरक्षण-संवर्धन के लिए प्रेरित किया गया। अनुशासन में रहने अपने निर्धारित मुख्यालय में रहकर कार्य संपादन करने, जन सामान्य एवं विभागीय कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाकर रखने किसी भी कार्य करने से पहले कार्य के रूप रेखा तैयार कर वित्त प्रबंधन करने परिवार के छोटे सदस्यों के समक्ष किसी कार्य को मर्यादित ढंग से आचरण में लाने के लिए प्रेरित किया गया। वनरक्षकों को विभाग की महत्वपूर्ण इकाई बताते हुए कर्तव्य के प्रति हमेशा सजग रहने का संदेश देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की गई। आरपी साहू द्वारा प्रशिक्षुओं को वन अपराध के रोकधाम के लिए वन विधि एवं वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम के संबंध में धाराओं का भलीभांति अध्ययन कर उचित धारा लगाने के लिए बताया गया। अनुदेशक वन विद्यालय महासमुंद द्वारा 77 वें प्रशिक्षण सत्र के परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। तत्पश्चात अतिथियों के द्वारा खेलकूद एव विभिन्न वानिकी विषयों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र, मेडल एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण के संपूर्ण विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर दुष्यंत कुमार जंघेल ऑल ओवर टॉपर रहे। दीक्षांत समारोह के अवसर पर सहायक अनुदेशक, वन विद्यालय के समस्त कर्मचारी/अधिकारी, उप वनमंडलाधिकारी महासमुंद, उप प्रबंध संचालक महासमुंद, वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं वनमंडल कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।



# नर्रा स्कूल के व्यवसायिक शिक्षा के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण



**नर्रा।** शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में समग्र शिक्षा के तहत संचालित व्यवसायिक शिक्षा के ट्रेड ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक के छात्रों का, संस्था के प्राचार्य सुबोध कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में औद्योगिक भ्रमण कराया गया। इलेक्ट्रॉनिक संकाय के छात्रों को नरा स्थित विद्युत सब स्टेशन का विकजिट कराया गया, जहां संस्था के प्रोग्रामर ने विद्युत सब स्टेशन के कार्यप्रणाली के संबंध में छात्रों को विस्तार से बताया। छात्र पुस्तकों में पढ़ी हुई विषय को साक्षात कार्य प्रणाली देख कर अपनी जिज्ञासा शांत किए। ऑटोमोटिव के छात्रों को कोमाखान स्थित गुरुनानक ऑटो केयर का विजिट कराया गया। जिसमें गैरेज के वर्कशॉप मैनेजर ने दोपहिया वाहनों के कार्यप्रणाली के विषय में विस्तार से बताया गया। इंजन के कार्य शैली, सर्विसिंग एवं अन्य चीजों को प्रेक्टिकल बताया गया। व्यवसायिक प्रशिक्षकों अरविंद ठाकुर एवं जयंत साहू ने बताया कि समग्र शिक्षा के योजना अंतर्गत प्रतिवर्ष व्यवसायिक शिक्षा के छात्रों को आद्यौगिक भ्रमण कर प्रायोगिक शिक्षा दिया जाता है। इसी क्रम में यह कार्यक्रम हुआ।

**बैठक :** औद्योगिक क्षेत्र कारखानों में नियमित जांच के भी दिए निर्देश

# सड़कों पर आने वाले मवेशियों पर नियमित कार्रवाई करते रहें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनचौपाल, जन शिकायत और अन्य प्राप्त पत्रों की निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन के रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि एजेंसी वास्तविक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। आगामी 02 अक्टूबर को होने वाले ग्राम सभा में स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल वार ऐसे बच्चों को चिन्हांकित करें जिनका जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाया है। ग्राम सभा में ऐसे समस्त बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाने के प्रस्ताव पारित करने के लिए एजेंडा में शामिल करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपने कार्यालयों में राशन कार्ड या प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किसी भी प्रकार की लेन देन पर सख्त कार्रवाई करें और संबंधित कर्मचारी को सस्पेंड करने की कार्रवाई करें। कलेक्टर ने श्रम पदाधिकारी को औद्योगिक कारखानों की जांच के लिए जिला स्तरीय संयुक्त टीम को नियमित तौर पर औद्योगिक कारखानों और अन्य उद्योगों में सतत निरीक्षण कर सुरक्षा और पर्यावरण की जांच करने के निर्देश दिए हैं।कलेक्टर लंगेह ने कहा कि आयुष्मान कार्ड में साप्ताहिक प्रगति दिखनी चाहिए। आगामी सप्ताह में 90 प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति हो। इसके लिए आवश्यक शिविर भी लगाएं। पोषण माह अंतर्गत जिले में चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए उन्होंने पोर्टल पर एंट्री की स्थिति पर संतोष व्यक्त करते हुए वास्तविक एंट्री के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि राशन कार्ड नवीनीकरण और ई-केवाईसी के लिए भी जनपद के सीईओ खाद्य विभाग के साथ मिलकर विशेष कार्रवाई करें। उन्होंने सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को मुख्यालय से सूचित कर ही बाहर जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्कूल, आंगनबाड़ी, छात्रावासों का नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश भी दिए है। उन्होंने महतारी वंदन, केसीसी, नशामुक्ति अभियान आदि विषयों पर भी समीक्षा की। उन्होंने जन समस्या निवारण शिविर में प्राप्त आवेदनों की नियमित समीक्षा करने और वास्तविक निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण निराकरण कर आवेदकों को भी इससे अवगत कराएं। उन्होंने आने वाले समय में धान खरीदी को लेकर समीक्षा की और कहा कि धान खरीदी केंद्रों में तैयारी और आवश्यक व्यवस्था अभी से कर लें। बैठक में कलेक्टर लंगेह ने कहा कि सड़कों पर मवेशी के जमावड़ा पर विशेष निगरानी रखें और नियमित तौर पर कार्रवाई करते रहें। बार-बार पशुओं की सड़क में आने पर पशु मालिकों पर पेनाल्टी लगाएं। अभी तक 27,450 रुपए की पेनाल्टी लगाई गई है। उन्होंने सभी जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।












**खबर संक्षेप**

## सफाई व्यवस्था को लेकर जताई नाराजगी

**महासमुंद**। वार्ड नं. 10 पार्षद एवं भारतीय जनता पार्टी नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक देवीचंद राठी ने बताया कि आगामी 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शहर के सभी महापुरूषों की आदमकद प्रतिमा को जल से स्नान कराकर आसपास सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए नगरपालिका के सीएमओ विजय पांडेय को कहा गया तथा उन्हें बताया गया कि गत माह भर से महापुरूषों की प्रतिमा की सफाई नहीं की गई। गत 25 सितंबर को प. दीनदयाल उपाध्याय जयंती में भी नगर पालिका प्रशासन ने कोई सफाई नहीं की थी। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। जबकि, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सभी नगरीय निकायों को सफाई एवं स्वच्छता पखवाड़ा मनाने का निर्देश दिया गया था, जो धरातल में नहीं दिख रहा है। सीएमओ ने महापुरूषों की सभी प्रतिमाओं की साफ सफाई कराने के लिए सहमति दी है तथा विभागीय कर्मचारियों को आदेशित किया गया।





## इसाफ बैंक ने शिशु संस्कार केंद्र को वाटर कूलर किया भेंट

**महासमुंद**। शिशु संस्कार केंद्र में इसाफ बैंक द्वारा बच्चों को पीने का शीतल जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक वाटर कूलर मशीन प्रदान किया। वाटर कूलर मशीन भेंट एक सामान्य समारोह में प्राप्त किया। जिसमें बैंक के अधिकारीगण व स्टाफ निशांत अंशु, रमेश लहरे, आकाश महांती, मनिंदर आजमानी, हर्ष चंद्राकर, गगन ठाकुर एवं शिव कुमार उपस्थित रहे। समिति के सचिव शरद जैन एवं प्रबंधक मनोहर महांती, प्राचार्य अवनीश वानी, संस्कार पब्लिक स्कूल की प्राचार्य गुरप्रीत कौर ने भी अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। अपने उद्बोधन में निशांत अंशु ने कहा कि इसाफ बैंक द्वारा इस तरह के जनहित एवं परहित में इस प्रकार सेवा कार्य होता रहता है। शरद जैन एवं मनोहर मंहती ने इस सेवा के लिए बैंक का आभार जताया। अंत में वाटर कूलिंग मशीन का विधिवत उदघाटन किया गया। कार्यक्रम का संचालन भावना गांधी एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य अवनीश वानी एवं गुरुप्रीत कौर ने किया।

## लाफिनकला में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद**। स्वच्छता ही सेवा है पखवाड़ा के तहत ग्राम लाफिनकला में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने भी स्वच्छता अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही स्वभाव -स्वच्छता, संस्कार-स्वच्छता का संकल्प लिया। स्वच्छता ही सेवा है के तहत स्वच्छता अभियान में ग्राम के सरपंच हेमिन नेतन पटेल, सचिव माधुरी सूर्यवंशी, उपसरपंच डुमन लाल साहू, पंचगण कमलेश कुमार साहू, नेहा साहू, चंद्रकला पटेल, पूर्णिमा साहू सहित डाकेश साहू, लव कुश साहू, गैंद पटेल, युवराज साहू सहित ग्रामीणों ने भी स्वच्छता में सहभागिता निभाई। यह जानकारी गोवर्धन साहू ने दी।

## खेतमल लड्ढा का निधन

**महासमुंद**। माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ एवं शहर के प्रतिष्ठित नागरिक वार्ड नं. 10 एकता चौक निवासी खेतमल लड्ढा (86) का मंगलवार को दोपहर 12 बजे स्वर्गवास हो गया। वे जीवनलाल, अशोक एवं बद्रीनारायण लड्ढा के बड़े भ्राता तथा भारत भूषण एवं दिनेश लड्ढा के पिता थे। उनकी बैकुंठ यात्रा निवास स्थल से शाम 5:30 बजे निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन, व्यवसायी एवं नागरिक शामिल हुए।



**आयोजन:** बालक सिंगल में वैभव सिंह बिलासपुर एवं बालिका सिंगल में इशिका पोद्दार रायपुर बनीं विजेता

# बैडमिंटन स्पर्धा के विजेताओं को विधायक ने किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद जिला बैडमिंटन संघ, खेल एवं युवा कल्याण तथा राज्य बैडमिंटन संघ के संयुक्त तत्वावधान में योनेक्स सनराइज 23वीं राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 30 सितंबर तक बैडमिंटन हॉल फॉरेस्ट विद्यालय महासमुंद में आयोजित किया गया। समापन समारोह 30 सितंबर को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। जिसकी अध्यक्षता नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राशि महिलांग ने की। विशिष्ट अतिथि में पारस चोपड़ा, प्रलय थिटे, रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल से रविंद्र तिवारी, शैलेंद्र चोपड़ा, सन्नी लूनिया, अमित चोपड़ा, जितेंद्र चंद्राकर, गिरधर यदु, जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, जिला बैडमिंटन संघ के जिला अध्यक्ष प्रकाश शर्मा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में 13 जिलों के 98 बालक बालिका खिलाड़ी शामिल हुए।

विधायक योगेश्वर राजू सिंहा ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों को आशीर्वचन के रुप में कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए, खिलाड़ी जब मैदान में उतरता है तो वो उसकी पहली जीत होती है हार या जीत मायने नहीं रखती है। अतिथियों द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को चेक, ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया।

**प्रतियोगिता में बालक बालिका वर्ग में विजेता खिलाड़ियों में:** बालक एकल में विजेता वैभव सिंह बिलासपुर व उपविजेता दिव्यांश अग्रवाल रायपुर रहें। बालक डबल में विजेता दिव्यांश अग्रवाल रायपुर एवं मानस भट्टाचार्य बिलासपुर रहे। बालिका एकल में विजेता इशिका पोद्दार रायपुर व उपविजेता रेवा राजे रायपुर बनी। बालिका डबल में विजेता राशि मल एवं श्वेता परदेशी रायपुर व उपविजेता भाव्या सिंह व रेवा राजे दुर्ग रहे। मिक्स डबल में विजेता सौरभ साहू एवं माही सेन रायपुर बने एवं उपविजेता दिव्यांश अग्रवाल व श्वेता परदेशी रायपुर रहे।



30 सितंबर पांचवे दिन खेले गए सभी फ़ाइनल मैच में सर्वप्रथम मिक्स डबल फ़ाइनल मैच में रायपुर के सौरभ साहू एवं माही सेन की जोड़ी ने रायपुर के ही दिव्यांश अग्रवाल व श्वेता परदेसी की जोड़ी को 21/18, 21/23, 21/18 से हराकर विजेता बने, दूसरे गर्ल्स सिंगल के फाइनल मैच में रायपुर के रेवा राजे को रायपुर की इशिका पोद्दार ने संघर्ष पूर्ण मुकाबले में 11/21, 21/13, 21/11 से हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया।

बॉयज सिंगल इवेंट में बिलासपुर के वैभव सिंग ने काफी उलटफेर करते हुए रायपुर के दिव्यांश अग्रवाल को 19/21, 21/05, 21/10 से हराकर फाइनल का खिताब अपने नाम किया। गर्ल्स डबल में रायपुर की राशि मल एवं श्वेता परदेशी की जोड़ी ने दुर्ग के भाव्या सिंग व रेवाराजे की जोड़ी को 21/17, 21/18 से हराकर फाइनल जीता। बॉयज डबल मैच में दिव्यांश अग्रवाल रायपुर एवं मानस भट्टाचार्य बिलासपुर की जोड़ी ने सरगुजा के सार्थक कांत थॉमस व दुर्ग के गर्वित कंसल की जोड़ी को 21/12, 21/18 से हराकर फाइनल विजेता बने। फ़ाइनल मैच का आनंद विधायक योगेश्वर राजू सिंहा व नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग ने लिया।

आयोजन के निर्णायक मंडल में प्रताप भट्टाचार्य, गुरदीप सिंह पाहूजा, नरेंद्र पटेल, हेम कुमार पांडेय, राम यादव, रोहित दिवेकर, आदित्य भट्टाचार्य, रामायण जायसवाल नें पूरे मैच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आयोजन को सफल बनाने में खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष अनूप उपासे, सचिव घनश्याम सोनी, कोषाध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव, गौरव चंद्राकर, संदीप साहू, देवेंद्र चंद्राकर संजय तिवारी, प्रदीप चंद्राकर, सुनील पाटिल, गिरीश विश्वकर्मा, राघवेंद्र तोमर, रोशन साहू, राजा गुरुदत्ता, राजू साहू, रोमेंश चंद्राकर, कनक चंद्राकर, अरिन चंद्राकर, राकेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी मनीष वास्तव का सहयोग रहा। महासमुंद जिला बैडमिंटन संघ के युवा खिलाड़ी मयंक वास्तव, हर्षवर्धन गिरी गोस्वामी, आर्य चंद्राकर, तन्मय साहू, दिग्विजय सिंह तोमर, पूर्वांश चंद्राकर, अक्षत गुप्ता, निकुंज श्रीवास्तव, आरव चंद्राकर, आराध्य चंद्राकर व सौम्य चंद्राकर जिन्होंने लगातार सभी मैच में लाइन निर्णायक की भूमिका निभाकर अहम योगदान दिया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन मनीष श्रीवास्तव एवं आभार प्रदर्शन प्रकाश शर्मा ने किया।



## लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ की बैठक में वेतन विसंगति को लेकर हुई चर्चा

**महासमुंद**। छग लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक 28 सितंबर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के प्रशिक्षण सभा कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश के सभी जिले के प्रांतीय पदाधिकारी एवं जिला/तहसील शाखा के अध्यक्ष सम्मिलित हुए। प्रांतीय बैठक में सीके तिवारी प्रांतीय महामंत्री के नेतृत्व में केके चंद्राकर जिलाध्यक्ष, शिव कुमार साहू पूर्व जिलाध्यक्ष, एलआर तारम वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संदीप तिवारी सचिव, मुकेश नामदेव उपाध्यक्ष, राधेश्याम सोनी कोषाध्यक्ष, योगेश्वरी गोस्वामी जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठा, देवेश चंद्राकर सदस्य आरके बुनकर तहसील अध्यक्ष बागबाहरा, डीके सेन, दुष्यंत यादव, चंदन साहू, अजय तांडी कार्यकारिणी सदस्य सम्मिलित हुए।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य पीके भाई के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना सामान्य एवं महिला इकाई तथा नगर पालिका परिषद के तत्वाधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शपथ ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. संध्या भोई, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी यूके बरिहा द्वारा महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं अध्यनरत छात्र-छात्राओं को शपथ ग्रहण कराया गया।



इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. संध्या भोई ने स्वच्छता के प्रति सरकार के उद्देश्य को बहुत ही सारगर्भित एवं प्रेरणादायक के रूप में बताया गया कि हमारे आसपास के साफ सफाई को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। जिस परिवेश में हम लोग निवास करते हैं वहां का वातावरण सुंदर और साफ हो। विद्यार्थियों को इस मुहिम को अपने घर परिवार तथा गांव में अपनाने पर जोर दिया गया। भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत यह महत्वपूर्ण योजना स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए चलाए जा रहा है। जिसमें जनता की भी सहभागिता भारी संख्या में मिल रही है। नगर पालिका परिषद द्वारा भी छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के लिए अपील की गई। शहर को स्वस्थ एवं सुंदर तथा व्यवस्थित बनाने में अपनी महती भूमिका पर बल दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी डीके मांझी, पीतांबर बाघ, अनिल तांडी, सत्य प्रकाश खड़बंधे, अंकित यदु, डॉ. गायत्री प्रसाद पटेल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित रहे।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में स्वच्छ एवं सुंदर कक्षा स्पर्धा हुई, रैली भी निकाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय पॉलिटेक्निक की रासेयो ईकाई द्वारा स्वच्छता और समाज सेवा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छ एवं सुंदर कक्षा प्रतियोगिता से हुई। जिसमें छात्रों ने कक्षाओं की सफाई और साज-सज्जा के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। साफ-सुथरा और आकर्षक बनाते हुए छात्रों ने स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों में स्वच्छता के प्रति जागरुकता बढ़ाने और अपनी कक्षाओं को साफ रखने की आदत विकसित करने पर बल दिया गया। प्रतियोगिता के पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा संस्था परिसर की सफाई की गई। जिसमें छात्रों ने पूरे परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित करने में योगदान दिया। इसके बाद एनएसएस के दल ने ग्राम बम्हनी में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया। कार्यक्रम में एनएसएस दल नायक गुलशन साहू, पंकज साहू, मधु ठाकुर, भूपेंद्र भारती, गुलशन पटेल, सुनील, सौरभ सिन्हा, साहिल समेत कई स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। उन्होंने समाज सेवा की भावना से प्रेरित होकर स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# सावित्रीपुर स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

शाउमावि सावित्रीपुर में स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता थीम के तहत 17 सितंबर से 01 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में कार्यक्रम-रंगोली चित्रकला, वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़ कर कार्यक्रम में भाग लेकर स्वच्छता के महत्व को समझा। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अंतिम दिवस 01 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत स्वच्छता शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के व्याख्याता टीआर यादव द्वारा छात्रों को स्वच्छता का शपथ दिलाया गया। संस्था के प्राचार्य पी सिदार द्वारा स्वच्छता के महत्व को छात्राओं को बताया गया।



बीडी साहू व्याख्याता द्वारा अपने उद्‌बोधन में गंदगी दूर करने एवं साफ- सफाई के बारे में जानकारी दिया गया। विद्यालय के व्याख्याता एस सिंह ने स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है इस बारे में जानकारी दिए। व्याख्याता डीके भारती ने बताया कि स्वच्छता से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। व्याख्याता पीआर कल्ला ने बताया कि स्वच्छता से संस्कार की झलक दिखती है। व्याख्याता यूके भोई ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत गांव-गली में सफाई करवाया गया। संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता निर्मल कुमार साहू ने स्वभाव-स्वच्छता संस्कार स्वच्छता थीम के उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर में उपस्थित संकुल केंद्र प्रभारी पीएल चौधरी ने बताया कि जिस प्रकार महात्मा गांधी ने भारत को आजाद कराया हम सब लोग मिल कर भारत की गंदगी को दूर कर भारत को गंदगी से आजादी दिलाएं।



## किड्जी स्कूल में मनाई गई गांधी एवं शास्त्री की जयंती

**महासमुंद**। किड्जी स्कूल में गांधी एवं शास्त्री जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत पायल जैन व प्रियंका जैन समन्वयक द्वारा महात्मा गांधी व बहादुर शास्त्री की छायाचित्र पर माल्यार्पण से की गई। इस अवसर पर बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने गांधी, किसान, शिवाजी, रानी लक्ष्मी बाई की वेशभूषा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। तत्पश्चात बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया व स्वच्छता अभियान में उपयोग होने वाले उपकरणों की जानकारी दी गई। इसके बाद बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमें पीजी कक्षा से शिवाजी की वेशभूषा में पार्थ इसरानी, द्वितीय गाँधी की वेशभूषा में कृषिव जैन रहा। नर्सरी कक्षा से प्रथम किसान की वेशभूषा में जसविता महंत, द्वितीय गांधी की वेशभूषा में दिवित जैन व पेड़ बचाओं की वेशभूषा में आकृति शुक्ला एवं तृतीय रानी लक्ष्मी बाई की वेशभूषा में उद्भवी सोनी व जवाहर लाल नेहरू की वेशभूषा में आरव देवांगन रहे।

हाथी पांव
पैर में सूजन (हाथी पांव)
जैनाईटल फाईलेरियेसिस
(जननांगों में सूजन)
DR. NIRVED JAIN
(PLASTIC SURGEON)
जीवन हॉस्पिटल
न्यू शांति नगर, गली नं. 04, रायपुर (छ.ग.)
7400558800

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान
कटे होंठ व तालु का नि:शुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कल्चर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
ट्रॉमा केयर यूनिट
पॉली ट्रॉमा
मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
हड्डियों से मवाद रिसना
ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि: स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411